समग्र शिक्षा

सेकेण्डरी एज्यूकेशन








# हमारा घर हमारा विद्यालय

## साप्ताहिक समय सारणी

### कक्षा 12












# नोवल कोरोनावायरस (COVID-19)




## खुद रहें सुरक्षित, दूसरों को रखें सुरक्षित

## क्या करें और क्या ना करें

### क्या करें




बार-बार हाथ धोएं। जब आपके हाथ स्पष्ट रूप से गंदे न हों, तब भी अपने हाथों को अल्कोहल - आधारित हैंड वॉश या साबुन और पानी से साफ करें



छींकते और खांसते समय, अपना मुंह व नाक टिशू/रूमाल से ढकें




प्रयोग के तुरंत बाद टिशू को किसी बंद डिब्बे में फेंक दें



अगर आपको बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई है तो डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर से मिलने के दौरान अपने मुंह और नाक को ढंकने के लिए मास्क/कपड़े का प्रयोग करें



अगर आप में कोरोना वायरस के लक्षण हैं, तो कृपया राज्य हेल्पलाइन नंबर या स्वास्थ्य मंत्रालय की 24X7 हेल्पलाइन नंबर 011-23978046 पर कॉल करें



भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें

### क्या न करें



यदि आपको खांसी और बुखार का अनुभव हो रहा हो, तो किसी के साथ संपर्क में ना आयें



अपनी आंख, नाक या मुंह को ना छूयें



सार्वजनिक स्थानों पर ना थूकें

## हम सब साथ मिलकर कोरोनावायरस से लड़ सकते हैं

**अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नं. 104 पर सम्पर्क करें**

## #अब पढ़ाई नहीं रूकेगी

# हमारा घर हमारा विद्यालय

# अब हर घर बनेगा विद्यालय

कोविड 19 से उत्पन्न हुई परिस्थितियों के कारण शालाएं आरंभ नहीं हो पा रही हैं किन्तु यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई निरंतर जारी रहे। इसी उद्देश्य से "हमारा घर हमारा विद्यालय" कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों, विद्यार्थियों के बड़े भाई-बहिनों एवं स्वयं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः जब तक शालाएं नियमित रूप से प्रारंभ नहीं हो जाती तब तक शाला के प्राचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं समुदाय से निम्नानुसार अपेक्षाएँ हैं-

- बच्चों के लिए घर में एक स्थान निर्धारित करना जहाँ बैठकर बच्चा अपनी गतिविधियाँ, अध्ययन एवं अभ्यास कार्य करेंगे (शिक्षा का कोना)
- प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार तक निर्धारित समय पर विद्यार्थी म.प्र. दूरदर्शन पर प्रसारण देखें।
- कक्षा 9 हेतु प्रसारण का समय - 10 से 11 बजे
- कक्षा 11 हेतु प्रसारण का समय - 11 से 12 बजे
- कक्षा 10 हेतु प्रसारण का समय - 12 से 1 बजे
- कक्षा 12 हेतु प्रसारण का समय - 3 से 4 बजे
- अथवा DigiLEP के लिए पालक अपना मोबाइल, विद्यार्थियों को कम से कम 1 घंटे के लिए अपनी सुविधानुसार उपलब्ध कराएं।
- यदि किसी के पास टी.व्ही. और मोबाइल दोनो नहीं है तो बच्चों को कार्यक्रम के लिए निर्धारित समय पर टी.व्ही. पर प्रसारण देखने हेतु ग्राम पंचायत भवन जाने दें।
- पाठ्यपुस्तकों के साथ दैनिक एवं साप्ताहिक समयसारणी दी गई है उस टाइम टेबल के अनुसार विद्यार्थी पढ़ें एवं अभ्यास करें। टाईम टेबल को दीवार पर चिपका दें ताकि समय का ध्यान रहे।
- बच्चों को आवश्यक सामग्री यथा पेन पेंसिल, रजिस्टर, कॉपी, कम्पास बॉक्स, डिक्शनरी आदि उपलब्ध करा दें।
- प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक शिक्षक को दायित्व सौपा गया है। विद्यार्थी अपने पालक-शिक्षक से नियमित रूप से स्वयं बात करें। पालक-शिक्षक का दायित्व होगा कि वे निरंतर विद्यार्थी के संपर्क में रहें।
- शिक्षक प्रत्येक शनिवार को निर्धारित टेस्ट सभी बच्चों तक भेजेंगें, सप्ताह में पढ़े गए पाठ का अभ्यास करेंगे एवं जीवन कौशल के सत्र देखेंगे।

यदि विद्यार्थी अभी तक कुछ भी नही देखा है तो कोई चिन्ता की बात नहीं है। आपके लिए दिनांक 20 जुलाई से DigiLEP एवं दूरदर्शन के माध्यम से एक समान पढ़ाई होगी। सप्ताह के लिए निर्धारित समयसारणी में दिए गए पाठ को ही दूरदर्शन एवं DigiLEP के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। आप इनमें से किसी पर भी देख सकते है। आपकी अब तक की छूटी हुई पढ़ाई की पूर्ति हो जाएगी लेकिन यदि आपने अभी भी शुरूआत नहीं की तो आप पिछड़ सकते हैं। इसलिए "हमारा घर हमारा विद्यालय" में दी गई समयसारणी अनुसार पढ़ाई आरंभ करें तथा रोज दूरदर्शन पर निर्धारित समय पर प्रसारण देखें।

मुझे विश्वास है कि आप सभी इस विषम परिस्थिति में विद्यार्थियों की पढ़ाई नहीं रूकने देंगें तथा उनके निरंतर अध्ययन हेतु सहयोग एवं मार्गदर्शन देंगे।

**जयश्री कियावत**
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश



# कक्षा : 12

# हमारा घर हमारा विद्यालय

प्रिय विद्यार्थी

आपको नीचे दी गई समयसारणी के अनुसार अपने घर पर पढ़ना है। पाठ्यपुस्तकें आपको प्राप्त हो गई है। इन पाठ्यपुस्तकों के आधार पर ऐसे पाठ जो सरल प्रकृति के हैं तथा आप आसानी से घर पर बैठ कर पढ़ सकते है उन पाठों को संलग्न साप्ताहिक केलेण्डर में दिया जा रहा है। सप्ताह के लिए निर्धारित पाठ का कुछ अंश आपकों DigiLEP/दूरदर्शन पर मिलेगा ताकि आपको सही तरीके से पढ़ने में मदद मिल सके। अत: प्रतिदिन निश्चित समय पर पढ़ाई करें । प्रतिदिन निर्धारित समय पर मध्यप्रदेश दूरदर्शन पर अथवा DigiLEP के लिए मोबाइल से प्रसारण देखें ।

**दैनिक समय सारणी- कक्षा 12**

सोमवार से शुक्रवार प्रतिदिन -4 घंटा 20 मिनट प्रतिदिन

- 3 से 4 — दूरदर्शन/ DigiLEP -प्रतिदिन 2 विषय
- 11.40-12.20 — हिन्दी/व्यवसायिक शिक्षा
- 1.40-2.20 — रसायन/ राजनीति/ व्यवसाय अध्ययन
- शनिवार — सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव, जीवन कौशल शिक्षा तथा शिक्षक द्वारा किसी एक विषय का टेस्ट
- 11-11.40 — अंग्रेजी /संस्कृत/ व्यवसायिक शिक्षा ट्रेड
- 1.00-1.40 — भौतिक/ इतिहास/ लेखा शास्त्र
- 4.20-5.00 — जीव विज्ञान/ गणित/ अर्थशास्त्र/ समाजशास्त्र

**2. पढाई करते वक्त -**

- जो टाइम टेबल दिया गया है उस टाईम टेबल में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पढ़ें।
- टाईम टेबल को दीवार पर चिपका दें ताकि समय का ध्यान रहे
- पाठ्यपुस्तक, अंग्रेजी डिक्शनरी, कॉपी, पेन एवं पेंसिल, कम्पास बॉक्स अपने पास रखें ।
- सामान्यत: प्रतिदिन प्रति विषय 30 मिनट पढ़ना है। साप्ताहिक पाठ्यक्रम संलग्न किया जा रहा है यह आपके लिए सप्ताह का लक्ष्य है। यदि आप चाहें तो प्रतिदिन सभी विषय पढ सकते हैं या आप चाहें तो एक दिन 2 विषय और दूसरे दिन 2 विषय इस तरह अपनी इच्छानुसार भी पढ़ सकते है। उद्देश्य यह है कि साप्ताहिक लक्ष्य अवश्य पूर्ण किया जाए।

**3. कैसे पढ़ें : पढ़ते वक्त -**

- सबसे पहले कॉपी में दिनांक डालें। फिर पाठ का नाम लिखें ।
- पाठ्यपुस्तक के दिए गए पाठ को अच्छे से पढ़ें। पढते वक्त पेंसिल से मुख्य बिन्दु /बातों को रेखांकित करें।
- हिन्दी एवं अंग्रेजी के पाठ पढ़ते वक्त कठिन शब्दों के अर्थ भी कॉपी में लिखें। अंग्रेजी पढ़ते वक्त अपने पास पॉकेट डिक्शनरी अवश्य रखें।
- सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं गणित पढ़ते वक्त कठिन/नवीन शब्दों/वैज्ञानिक शब्दावली को कॉपी में लिखें तथा उसकी परिभाषा अथवा सूत्र अथवा समीकरण को कॉपी में लिखें।
- चित्र आवश्यक रूप से बनाएँ।
- जो आपने पढ़ा है उसका माइंड मेप बनाने की कोशिश करें -माइंड मेप बनाने के लिए प्रत्येक पैराग्राफ के मुख्य शब्दों को लिखना होता है तथा उससे जुड़े शब्द अथवा बातें एक दूसरे से कैसे जुड़ी हैं, उनको एरो अथवा लाईन के माध्यम से दिखाते हुए चित्र बनाया जाता है।
- समस्या की स्थिति में शिक्षक से चर्चा करना - दूरभाष/व्हाट्सऐप पर।
- प्रति सप्ताह शिक्षक द्वारा दिए गए टेस्ट पेपर को हल करना। प्रतिसप्ताह एक विषय का टेस्ट होगा।
- स्वयं पढ़ने के साथ-साथ अपने परिवार अथवा आस-पास के छोटी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाई में मदद करें । बडे बच्चों की मदद अपनी पढ़ाई में ले।

**जयश्री कियावत**
आयुक्त
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

WEEK- 1 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| 3.00-4.00 | दूरदर्शन/Digilep | | | | | | |
| 11-11.40 | अंग्रेजी | | | | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | L-1 of Text Book, read pg. 02 About the poem first, carefully with help ofdictionary | answer comprehention question in copy with help of About the poem | Note-Making read rules and guideline on pg.16 17 18 of T.B CAREFULY WITH EXAMPLE in book. Underline imp. Points | Read note making rules again.use rules to make notes of any other subject like science/eco/ history etc | Write summary of poem 1 on basis of question answer you did in copy'. | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | Make notes on pg.14 15 ofwork book | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | write any 3 news headlines in your copy. | |
| 11.40-12.20 | हिंदी | | | | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | हिन्दी गद्य खंड पाठ –2 वापसी कहानी लेखिका उषा प्रियंवदा का साहित्यिक परिचय। वापसी कहानी का केन्द्रीय भाव | हिन्दी गद्य खंड पाठ –2 वापसी कहानी कहानी वाचन | हिन्दी गद्य खंड पाठ –2 वापसी कहानी | हिन्दी गद्य खंड पाठ –2 कहानी वापसी (भाषा अध्ययन) | सहायक वाचन पाठ– 1 उत्तराखंड की यात्रा यात्रा वृतांत | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. लेखिका का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओ के आधार पर लिखिए। अ. रचनाएँ ब. भाषा शैली स. साहित्य में स्थान। | 1. पाठ में आये कठिन शब्दो को अभ्यास पुस्तिका में लिखिए। | 1. अतिलघुउत्तरीय प्रश्न 1 से 5 तक 2. लघुउत्तरीय प्रश्न 1 से 5 तक 3. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 1 से 7 तक | 1. उचित विराम चिन्ह लगाइये। 2. तत्सम्,तद्भव, देशज और विदेशी शब्द छांटकर लिखिए। 3. लोकोक्तियों को अभ्यास पुस्तिका में लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1. यात्रा वृतांत की विशेषता बताते हुये आपकी किसी यात्रा का वर्णन कीजिए। | |

**WEEK- 1 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| 1.00-1.40 | | | | भौतिक शास्त्र | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | 1 वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.2 वैद्युत आवेश<br>1.3 चालक एवं विद्युत रोधी | 1 वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.4 प्रेरण द्वारा आवेशन | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.5 वैद्युत आवेश के मूल गुण | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.5 वैद्युत आवेश के मूल गुण | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.6 कूलॉम का नियम | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. वैद्युत आवेश किसे कहते हैं?<br>2. वैद्युत आवेश सदिश है अथवा अदिश राशि है?<br>3. वैद्युत आवेश का SI मात्रक एवं उसका संकेत लिखिए?<br>4. स्थिर वैद्युतकी किसे कहते हैं?<br>5. चालक, विद्युत रोधी एवं अर्द्ध चालक पदार्थों की सूची बनाइये। | 1. भूसम्पर्कण (Earthing) से क्या तात्पर्य है?<br>2. प्रेरण द्वारा आवेशन क्या है?<br>3. सजातीय एवं विजातीय आवेश से क्या तात्पर्य है?<br>4. वैजामिन, फ्रेंकलिन किस नामकरण के लिये जाने जाते हैं? | 1. स्वर्ण पत्र विद्युतदर्शी क्या है रचना लिखिये?<br>2. किन विधियों द्वारा आवेशन किया जाता है?<br>3. आवेश संरक्षण क्या है? उदाहरण सहित लिखिये?<br>4. निकाय से क्या तात्पर्य है? | 1. आवेश का क्वॉटीकरण क्या है?<br>2. q = ne में संकेतो के अर्थ लिखिये?<br>3. क्वॉटीकरण का क्या कारण है?<br>4. इलेक्ट्रॉन पर कितना आवेश होता है? | 1. एक कूलॉम में कितने इलेक्ट्रान होते हैं?<br>2. आवेशो की योज्यता का उदाहरण लिखिये?<br>3. कूलाम के नियम का कथन लिखिये?<br>4. कूलाम के नियम का सूत्र निगमित कीजिये? | |
| 1.40-2.20 | | | | रसायन शास्त्र | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | पुस्तक भाग 2 इकाई 16<br>दैनिक जीवन में रसायन<br>औषध तथा उसका वर्गीकरण<br>औषध लक्ष्य अन्योन्य क्रिया<br>1. भेजस विज्ञानिय प्रभाव पर आधारित | पुस्तक भाग 2 इकाई 16<br>दैनिक जीवन में रसायन<br>(1) औषध लक्ष्य अन्योन्य क्रिया<br>(2) विभिन्न वर्गों की औषध के चिकित्सीय प्रभाव<br>1. औषध एंजाइम की | पुस्तक भाग 2 इकाई 16<br>दैनिक जीवन में रसायन<br>विभिन्न वर्गों की औसत के चिकित्सीय प्रभाव<br>1. तंत्रकीय सक्रीय औषध<br>a. प्रशान्तक b. पीढाहारी<br>2. प्रतिसूक्ष्म जैविक<br>a. प्रति जैविक b. पूतिरोधी | पुस्तक भाग 2 इकाई 16<br>दैनिक जीवन में रसायन<br>भोजन में रसायन<br>1. कृत्रिम मधुरक<br>2. खाद्य परीरक्षण<br>3. प्रतिओक्सिकारक | पुस्तक भाग 2 इकाई 16<br>दैनिक जीवन में रसायन<br>शोधन अभिकर्मक<br>1. साबुन<br>2. संश्लेषित अपमार्जक | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |

**WEEK- 1 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| | | 2. औषध के प्रभाव पर आधारित<br>3. रासायनिक संरचना पारा आधारित<br>4. लक्ष अणुओ पर आधारित<br>5. एंजाइम का उत्प्रेरक कार्य | अन्युन्य क्रियाएं<br>2. ग्राही औषध लक्ष्य की तरह<br>3. प्रति अम्ल<br>4. प्रतिहिस्टेमिन | तथा विसंक्रमि<br>3. प्रतिजनन क्षमता | | | |
| | **अभ्यास** | (1) औषध रसायन के पारिभाषिक शब्द, लक्ष्य अणु या औषध लक्ष्य को समझाईये\|<br>(2) बिना डॉक्टर के परामर्श लिए दवाइयां क्यों नहीं लेना चाहिए\|<br>(3) रासायनिक सन्देश वाहक किसे कहते हैं\|<br>(4) औषध का वर्गीकरण लिखिए\| | 1. प्रतिरक्षित तंत्र क्या है? यह केसे विकसित होता है\|<br>2. प्रशान्तक तथा सम्मोहन प्रतिसमक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए\|<br>3. प्रति अम्लकिसे कहते है ? उदहारण सहित समझाईये\|<br>4. प्रतिहिस्टेमिन को उदहारण सहित समझाईये? | 1. प्रशान्तक और पीढाहारी औषध में क्या अंतर है?<br>2. प्रशान्तक को उदहारण सहित समझाईये\|<br>3. पीढाहारी को उदाहरण सहित समझाईये\|<br>4. प्रतिजैन्विक को उदाहरण सहित समझाईये\|<br>5. पुतिरोधी एवं विसंक्रमणकारी को समझाईये एवं उदाहरण लिखिए\|<br>6. प्रतिजनन क्षमता को उदाहरण सहित समझाईये | 1. कृत्रिम मधुरक क्या है दो उदाहरण लिखिए\|<br>2. खाद्य परीरक्षण किसे कहते है? उदाहरण बताइये \|<br>3. प्रतिओक्सिकारक किसे कहते है? उदाहरण दीजिये\|<br>4. हमें कृत्रिम मधुरकों की अवश्यक्ता क्यों पड़ती है? | 1. साबुन एवं अपमार्जक में अंतर लिखिए\|<br>2. साबुन कठोर जल में कार्य क्यों नहीं करते?<br>3. निम्न को उपयुक्त उदाहरणों द्वारा समझाइये\|<br>अ. धनात्मक अपमार्जक<br>ब. ऋणात्मक अपमार्जक<br>स. अनआयनिक अपमार्जक | |
| 4.20 -5.00 | | | | **जीव विज्ञान** | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | 1. पुष्पीय पौधों में लैंगिक जनन।<br>2.1 पुष्प आवृत बीजियों का एक आकर्षक | 1. पुष्पीय पौधो में लैंगिक जनन।<br>2.2.1 लघुबीजाणुधानी तथा परागकण। | 1. पुष्पीय पौधो में लैंगिक जनन।<br>2.2.2 स्त्रीकेसर, गुरूबीजाणुधानी तथा | 1. पुष्पीय पौधो में लैंगिक जनन।<br>2.2.3 परागण। | 1. पुष्पीय पौधो में लैंगिक जनन।<br>पराकणो का वर्तिकाग्र पर अंकुरण। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |

**WEEK- 1 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| | | अंग। 2.2 निषेचन पूर्व संरचनाए एवं घटनाएं। 2.2.1 पुंकेसर | | भ्रूणकोष। | | | |
| | अभ्यास | 1. एक पुष्प का नामांकित चित्र बनाइयें एवं उसके अंगो के नाम लिखिए। 2. एक प्रारूपिक पुंकेसर का नामांकित चित्र सहित वर्णन कीजिए। | 1. स्फुटित परागकोष का नामांकित चित्र बनाइयें। 2. परागकण की संरचना का नामांकित चित्र बनाइयें। | 1. गुरूबीजाणुधानी एवं लघुबीजाणुधानी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। 2. एक प्रारूपी आवृत वीजी बीजाण्ड के भागो का विवरण युक्त नामांकित चित्र बनाइये। | 1. परागण क्या है ? एवं कितने प्रकार का होता है। 2. स्वपरागंण एवं पर परागण में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1. वर्तिकाग्र पर परागकणो के अंकुरण के समझाइए। 2. बीजांड में नर युग्मक के प्रवेश का चित्र सहित वर्णन कीजिए। | |
| 4.20 -5.00 | | | | गणित | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूह की अवधारणा एवं कोटि | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों के प्रकार, आव्यूहों की समानता | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों की समानता | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों पर संक्रियाएं, आव्यूहों का योग, एक आव्यूह का एक अदिश से गुणा, आव्यूह का ऋण आव्यूह, आव्यूहों का अंतर, आव्यूहों के योग के गुणधर्म, आव्यूहों के अदिश गुणन के गुणधर्म | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों पर संक्रियाएं, आव्यूहों का योग, एक आव्यूह का एक अदिश से गुणा, आव्यूह का ऋण आव्यूह, आव्यूहों का अंतर, आव्यूहों के योग के गुणधर्म, आव्यूहों के अदिश गुणन के गुणधर्म | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | पाठ्य पुस्तक आव्यूह की आवधारणा को दैनिक जीवन के उदाहरणों से समझें। विभिन्न प्रकार के उदाहरण लेकर आव्यूह की कोटि ज्ञात करें। उदाहरण – 01 से 03 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | स्तम्भ आव्यूह, पंक्ति आव्यूह, वर्ग आव्यूह, विकर्ण आव्यूह, अदिश आव्यूह, तत्समक आव्यूह, शून्य आव्यूह की परिभाषाओं को उदा. सहित समझें। उदा. क्रमांक –04 एवं 05 के हल को लिखें। संबंधित प्रश्नावली 3.1 के प्रश्न क्रमांक – 01 से 05 को अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | आव्यूहों की समानता की शर्ते देखें। स्वयं उदाहरण बनाने से अवधारणाए अधिक स्पष्ट होंगी। प्रश्नावली 3.1 के प्रश्न क्रमांक – 06 से 10 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | अपनी अभ्यास पुस्तिका में आव्यूह पर संक्रियाओं से संबंधित नोटस बनाएं। | उदाहरण क्रमांक – 06 से 11 तथा प्रश्नावली 3.2 के प्रश्न क्रमांक 01 एवं 02 को अपनी अभ्यास पुस्तिका मे हल करें। | |

WEEK- 1 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| 1.00 - 1.40 | | | | इतिहास | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | इकाई– I<br>ईटें, मनके तथा अस्थियाँ<br>1 आरंभ<br>2 निर्वाह के तरीके | इकाई– I<br>ईटें, मनके तथा अस्थियाँ<br>1. मोहन जोदड़ो<br>2. सामाजिक भिन्नताओं का अवलोकन | इकाई– 1<br>ईटें, मनके तथा अस्थियाँ<br>1. शिल्प–उत्पादन के विषय में जानकारी<br>2. माल प्राप्त करने सम्बंधी नीतियाँ<br>3. मुंहरे लिपि तथा बाट | इकाई– 1<br>ईटें, मनके तथा अस्थियाँ<br>1. प्राचीन सत्ता<br>2. सभ्यता का अन्त<br>3. हड़प्पा सभ्यता की खोज | इकाई– 1<br>ईटें, मनके तथा अस्थियाँ<br>1. अतीत को जोड़कर पूरा करने की समस्याएँ | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. सिन्धु घाटी सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु क्या है?<br>2. हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण क्या है?<br>3. हड़प्पा पुरास्थलों से मिली जानवरो की सूची बनाइये?<br>4. जुते हुए खेत के साक्ष्य किस हड़प्पा पुरास्थल से प्राप्त हुए?<br>5. मिट्टी से बने हुए हल के साक्ष्य किस हड़प्पा पुरास्थल से प्राप्त हुए? | 1. मोहन जोदड़ो की विशेषता बताइये?<br>2. मनकों से आभूषण बनाने के साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुए?<br>3. हड़प्पा कब्रिस्तान में हुए उत्खननों में क्या-क्या प्राप्त हुआ सूची बनाइये?<br>4. हड़प्पा सभ्यता में मनकें बनाने के लिए प्रयुक्त पदार्थों की सूची बनाइये? | 1. हड़प्पा सभ्यता में प्राप्त शिल्प उत्पादन के लिए कच्चे माल की सूची बनाइये?<br>2. बाट किस पत्थर से बनाये जाते थे?<br>3. हड़प्पा सभ्यता की रहस्यमय लिपि का वर्णन करें? | 1. हड़प्पा सभ्यता के पतन के कारण लिखिये?<br>2. हड़प्पा सभ्यता की खोज किसने की थी? | 1. मूंहरों के साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुए हैं?<br>2. पुरातत्वविद् किस प्रकार अतीत का पुर्ननिर्माण करते हैं? वर्णन कीजिये। | |
| 2.20 - 3.00 | | | | भूगोल | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | अध्याय 1– प्रकृति एवं विषय क्षेत्र<br>1. मानव भूगोल परिचय<br>2. मानव भूगोल की परिभाषाऐं<br>3. मानव भूगोल की प्रकृति | अध्याय 1– प्रकृति एवं विषय क्षेत्र<br>1. प्रकृति का मानवीयकरण<br>2. समय के गलियारों से मानव भूगोल | अध्याय 1– प्रकृति एवं विषय क्षेत्र<br>1. मानव भूगोल के क्षेत्र और उपक्षेत्र<br>(3 अंक) | अध्याय 2– विश्व जनसंख्या – वितरण, वृद्धि और घनत्व<br>1. विश्व में जनसंख्या वितरण के प्रारूप<br>2. जनसंख्या घनत्व<br>3. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक | अध्याय 2– विश्व जनसंख्या – वितरण, वृद्धि और घनत्व<br>1. जनसंख्या वृद्धि के आर्थिक एवं सामाजिक कारक<br>2. जनसंख्या वृद्धि<br>3. जनसंख्या परिवर्तन के घटक | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |

WEEK- 1 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| | **अभ्यास** | (2 अंक)<br>1. मानव भूगोल का अर्थ समझाइए?<br>2. मानव भूगोल की कोई दो परिभाषाऐं लिखिए।<br>3. पर्यावरणीय निश्चयवाद का अर्थ समझाइए?<br>4. संयववाद को विस्तार से लिखिए? | (3 अंक)<br>1. कैरी की जीवनचर्या में प्रकृति का क्या योगदान है?<br>2. नव निश्चयवाद अथवा रूको और जाओ निश्चयवाद की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए? | (3 अंक)<br>1. फ्लोचार्ट द्वारा मानव भूगोल के क्षेत्र एवं उपक्षेत्र को समझाइऐ? | (5 अंक)<br>1. जनसंख्या के आधार पर अत्यधिक घनत्व जनसंख्या वाले पांच देशो के नाम लिखिए?<br>2. जनसंख्या घनत्व का अर्थ लिखकर घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए?<br>3. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले भौतिक कारक लिखिए? | (5 अंक)<br>1. जनसंख्या वृद्धि के कोई दो सामाजिक एवं दो आर्थिक कारकों का वर्णन करिए?<br>2. जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या वृद्धिदर में अन्तर लिखिए?<br>3. जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि एवं वास्तविक वृद्धि में अन्तर लिखिए?<br>4. जनसंख्या की घनात्मक वृद्धि एवं ॠणात्मक वृद्धि में अन्तर लिखिए? | |
| 1.40-2.20 | | | | **राजनीति विज्ञान** | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | शीतयुद्ध का दौर<br>1. परिचय, शीत युद्ध का दौर<br>2. क्यूबा का मिसाइल संकट<br>3 शीत युद्ध क्या है? | शीतयुद्ध का दौर<br>4. दो ध्रुवीय विश्व का का आरंभ।<br>5. शीतयुद्ध के दायरे | शीतयुद्ध का दौर<br>6. द्विध्रुवीयता को चुनौती(गुटनिरपेक्षता)<br>7. भारत और शीत युद्ध | दो ध्रुवीयता का अंत<br>1. परिचय<br>2. सोवियत प्रणाली<br>3. गार्वाचेब और सोवियत संघ का विघटन | दो ध्रुवीयता का अंत<br>4. सोवियत संघ का विघटन क्यों हुआ<br>5. विघटन की परिणितियाँ | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | **अभ्यास** | 1. महाशक्तियों के नाम लिखो?<br>2. शीत युद्ध क्या है?<br>3. क्यूबा के मिसाइल संकट को समझाइये। उक्त प्रश्नों के उत्तर पुस्तक की सहायता से अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए। | 1. साम्यवादी देशों के नाम लिखों<br>2. नाटो की स्थापना कब हुई?<br>3. दक्षिण पूर्ण एशिया संधि संगठन (सीटो)में सम्मिलित देशों के नाम लिखों। | 1. गुटनिरपेक्षता की नीति क्या है?<br>2. पूँजीवादी व समाज वादी गुट के दो- दो प्रमुख देशों के नाम लिखों।<br>3. गुटनिरपेक्ष आन्दोलनो के संस्थापपको के नाम लिखिए। | 1. सोवियत प्रणाली क्या है?<br>2. पेरेस्त्रोइका को समझाइये? | 1. मिखाइल गार्वाचेव की उन नीतियों को लिखे जिसके असंतोष के उत्पन्न हुआ?<br>2. समाजवादी व्यवस्था के पतन के कारण उत्पन्न समस्याएं लिखिए? | |

WEEK- 1 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| 4.20-5.00 | | अर्थशास्त्र | | | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>1.1 समान्य अर्थव्यवस्था। | बुक 1.व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>1.2. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याये। | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>बाक्स<br>1.2 सीमांत उत्पादन संभवना वक्र उदाहरण एवं चित्र। | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>1.3 अर्थिक क्रिया कलापो का आयोजन–<br>अ. केंद्रीय योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था।<br>ब. बजार अर्थव्यवस्था। | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>1.4 सकारात्मक तथा आदर्शक अर्थशास्त्र | सप्ताह में पढे गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. अर्थशास्त्र की विषय वस्तु की विवेचना कीजिए।<br>2. एक अनुच्छेद लिखिए कि अर्थव्यवस्था के चारो विभाग उपभोग उत्पादन विनमय तथा वितरण आपसक में कैसे संबंधित है।<br>संकेत:– पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. अर्थव्यवस्था की केंन्द्रीय समस्याऐं किसे कहते हैं।<br>2. उत्पादन किन वस्तुओं का किया जायें समझाइयें।<br>3. वस्तुओ का उत्पादन कैसे करें समझाइयें।<br>4. वस्तुओ का उत्पादन किस के लिये किया जायें समझयें।<br>संकेत:– पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. उत्पादन संभवाना वक्र किसे कहते हैं।<br>2. उत्पादन संभावना वक्र को तालिका तथा चित्र द्वारा समझाइयें।<br>3. अवसर लागत किसे कहते हैं।<br>संकेत:– पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. केन्द्रीय कृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं।<br>2. बाजार अर्थव्यवस्था का अर्थ लिखिए।<br>3. मिक्षित अर्थव्यवस्था को संक्षेप में समझाइयें।<br>संकेत:– पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. सकारात्मक अर्थशास्त्र किसे कहते है।<br>2. आदर्शक अर्थशास्त्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए।<br>संकेत:– पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | |

**WEEK- 1 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 20-Jul-20 | 21-Jul-20 | 22-Jul-20 | 23-Jul-20 | 24-Jul-20 | 25-Jul-20 |
| **2.40 - 3.20** | | | **लेखाशास्त्र** | | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | इकाई–1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन<br>अलाभकारी संस्थाओं का अर्थ एवं विशेषताएं | इकाई– 1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकनअभिलेखों का लेखांकन | इकाई– 1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन अलाभकारी संस्थाओं के आय के स्त्रोत एवं व्यय शीर्षक | इकाई–1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन प्राप्ति भुगतान खाता निर्माण विधि | इकाई– 1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन आय व्यय खाता निर्माण विधि | सप्ताह में पढे गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | **अभ्यास** | 1. अलाभकारी संस्थाओं से क्या आशय है?<br>2. अलाभकारी संस्थाओं के उदाहरण बताइये?<br>3. अलाभकारी संगठनो की विशेषताएं बताइये? | 1. अलाभकारी संगठन अपना हिसाब किताब किस पद्धति से रखती है?<br>2. अलाभकारी संगठन अपना लेखा रोकड़ प्रणाली से क्यों रखती है? | 1. अलाभकारी संगठनो के आय के स्त्रोत बताइये?<br>2. अलाभकारी संगठन किन मदो पर मुख्यतः व्यय करती है? | 1. प्राप्ति भुगतान खाता किसे कहते हैं?<br>2. प्राप्ति भुगतान खाता बनाने की विधि बताइये? | 1. आय व्यय खाता किसे कहते हैं?<br>2. आय व्यय खाता बनाने की विधि बताइये? | |
| **1.40 - 2.20** | | | **व्यवसाय अध्ययन** | | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>प्रबन्ध से आशय, विशेषताएं | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>प्रबन्ध के उद्देश्य | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>प्रबन्ध की प्रकृति | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>प्रबन्ध के स्तर (उच्च स्तरीय प्रबन्ध) | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>प्रबन्ध के स्तर (मध्य स्तरीय एवं निम्न स्तरीय प्रबन्ध) | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | **अभ्यास** | 1. प्रबन्ध की परिभाषा दीजिए।<br>2. प्रबन्ध की विशेषताएं बताइये। | 1. प्रबन्ध के मुख्य उद्देश्य बताइये। | 1. प्रबन्ध कला है अथवा विज्ञान, स्पष्ट कीजिए।<br>2. प्रबन्ध एक पेशा है? समझाइये। | 1. उच्च स्तरीय के कार्य बताइये। | 1. मध्य स्तरीय प्रबन्ध किसे कहते हैं?<br>2. निम्न स्तरीय प्रबन्ध के कार्य बताइये? | |

**WEEK- 2 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 3.00-4.00 | दूरदर्शन/Digilep | | | | | | |
| 11-11.40 | अंग्रेजी | | | | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | Complete read and check your notebook with pencil.underline difficulties and circle mistakes | Collect different type of advertisement from old newspaper. brochure pamphlet etc. | READ PG.25 TO 28 carefuly and classify collected advt. and paste in copy acordingly. | Designe Advertisement on pg.22,23 of work book.see eg. On pg.27,28 of T.B | Read pg 33,34,35 of text book,note the FORMAT and example in copy | सप्ताह में पढे गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | make a dictionary on first 10 pages of your fair note book | 1. read the language in advt.note what you like 2. | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | listen to eng/Hi news on T.V/Radio | |
| 11.40-12.20 | हिंदी | | | | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | सहायक वाचन पाठ- 1 उत्तराखंड की यात्रा यात्रा वृतांत | हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास<br>1.1 प्रस्तावना<br>1.2 कालविभाजन<br>1.3 गद्य की विधा नाटक, परिभाषा, तत्व, नाटककार और नाटक | हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास<br>एकांकी का विकास क्रम<br>एकांकी का काल विभाजन<br>एकांकी परिभाषा, तत्व, एकांकीकार एवं एकांकी | हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास<br>1. उपन्यास का विकास क्रम<br>2. उपन्यास का काल विभाजन<br>3. उपन्यास की परिभाषा, तत्व, भेद , लेखक और उनके उपन्यास | हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास<br>1. कहानी का विकास क्रम<br>2. कहानी की परिभाषा, काल विभाजन, तत्व एवं कहानीकार और उनकी कहानीयाँ | सप्ताह में पढे गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. अभ्यास के प्रश्न 1 से 7 तक के उत्तर अभ्यास पुस्तिका में लिखिए। | 1. हिन्दी गद्य साहित्य का परिचय लिखिए ?,<br>2. हिन्दी गद्य साहित्य को कितने भागो में बंटा गया है लिखिए?<br>3. नाटक की परिभाषा और तत्व लिखिए?<br>4. नाटककारो के नाम उनकी रचना सहित लिखिए? | 1. एकांकी की डॉ. रामकुमार वर्मा के अनुसार परिभाषा लिखिए<br>2. गद्य साहित्य में एकांकी को कितने भागो में बंटा गया है।<br>3. एकांकी के तत्वो के नाम लिखिए।<br>4. नाटक और एकांकी में अंतर लिखिए। | 1. उपन्यास को कितने भागो में बांटा गया हैं?<br>2. उपन्यास की परिभाषा लिखते हुये तत्वों के नाम लिखिए?<br>3. शैली की दृष्टि से उपन्यास के कितने भेद है?<br>4. किन्हीं दो उपन्यासो के नाम उनके लेखक सहित लिखिए? | 1. कहानी और उपन्यास में अंतर लिखिए।<br>2. कहानी की परिभाषा देते हुये उसका काल विभाजन लिखिए | |

**WEEK- 2 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 1.00-1.40 | | | | भौतिक शास्त्र | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.7 बहुल आवेशो के बीच बल | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.8 विद्युत क्षेत्र | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.8 विद्युत क्षेत्र, 1.8.1 आवेशो के निकाय के कारण विद्युत क्षेत्र | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.8.2 विद्युत क्षेत्र का भौतिक अभिप्राय<br>1.9 विद्युत क्षेत्र रेखायें | 1. वैद्युत आवेश तथा क्षेत्र<br>1.9 वैद्युत क्षेत्र रेखायें<br>1.10 वैद्युत फ्लक्स | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. एक समबाहु त्रिभुज के शीर्षो पर तीन आवेश $q_1$ $q_2$, $q_3$ हैं प्रत्येक का मान q है। त्रिभुज के केन्द्रक पर समान चिन्ह वाला Q आवेश स्थित है तो परिणामी बल की गणना कीजिये?<br>2. आवेशों के अध्यारोपण सिद्धांत को लिखिये? | 1. विद्युत क्षेत्र से क्या तात्पर्य है?<br>2. घनावेश के कारण उत्पन्न क्षेत्र का चित्र बानाइये।<br>3. ऋणावेश के कारण उत्पन्न क्षेत्र का चित्र बनाइये।<br>4. + q क्षेत्र में - q आवेश लाने पर क्या प्रतिक्रिया होगी।<br>5. विद्युत क्षेत्र की तीव्रता की परिभाषा लिखिये एवं सूत्र लिखिये। | 1. विद्युत क्षेत्र की तीव्रता सदिश है अथवा अदिश?<br>2. विद्युत क्षेत्र की तीव्रता एवं बल के बीच संबंध बताइये?<br>3. केन्द्र पर स्थित आवेश के कारण उसके प्रष्ठ पर हर बिन्दु की तीव्रता कैसी होगी?<br>4. एकांक घन आवेश से क्या तात्पर्य है?<br>5. बहुल आवेशो के कारण विद्युत क्षेत्र की तीव्रता का व्यंजक ज्ञात कीजिए? | 1. वैद्युत चुम्बकीय तरंगे कैसे उत्पन्न होती है?<br>2. प्रकाश की चाल ब कितनी होती है?<br>3. बिन्दु आवेश के कारण क्षेत्र का चित्र बनाइये?<br>4. आवेश के साथ दूर जाते हुए रेखा घनत्व किस प्रकार बदलता है? | 1. वैद्युत फ्लक्स को परिभाषित कीजिये। इसका SI मात्रक लिखिये।<br>2. विद्युत क्षेत्र रेखाएं क्या है?<br>3. विद्युत क्षेत्र रेखाऐं असंतत क्यों नही होती है?<br>4. स्थिर विद्युत क्षेत्र रेखाऐं बंद वक्र नहीं बनाती है, क्यों? | |
| 1.40-2.20 | | | | रसायन शास्त्र | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | पुस्तक भाग 1 इकाई 1 ठोस अवस्था<br>1.1 ठोस अवस्था में सामान्य अभिलक्षण<br>1.2 अक्रिस्टलीय एवं क्रिस्टलीय ठोस | पुस्तक भाग 1 इकाई 1 ठोस अवस्था<br>1.3 क्रिस्टलीय ठोस को वर्गीकरण।<br>1.3.1 आण्विक ठोस।<br>1.3.2 आयनिक ठोस।<br>1.3.3 धात्विक ठोस<br>1.3.4 सहसंयोजक अथवा नेटवर्क ठोस। | पुस्तक भाग 1 इकाई 1 ठोस अवस्था<br>1.4 क्रिस्टल चालक और एकक कोष्ठिका<br>1.4.1 आद्य एवं केंन्द्रीत एकक कोष्ठिका। | पुस्तक भाग 1 इकाई 1 ठोस अवस्था<br>1.5 एकाक कोष्ठिका में अवयवी कणो की संख्या।<br>1.5.1 आद्य घनीय एकाक कोष्ठिका<br>1.5.2 अंत: केन्द्रीत घनीय एकाक कोष्ठिक। | पुस्तक भाग 1 इकाई 1 ठोस अवस्था<br>1.6 निविड संकुलित संरचनाएँ।<br>1.6.1 यौगिक सूत्र और संपूरित रिक्तियों की संख्या। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |

WEEK- 2 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| | | | | | 1.5.3 फलक केन्द्रित घनीय एकाक कोष्ठिक। | | |
| | अभ्यास | 1. ठोस कठोर क्यो होते है?<br>2. क्रिस्टलीय एवं अक्रिस्टलीय ठोस में अंतर लिखिए ?<br>3. कांच को अतिशीतित द्रव क्यो माना जाता है। | 1. किस प्रकार के ठोस विद्युत चालक आघातवर्ध्य और तन्य होते है।<br>2. टिन, बेन्जीन, यूरिया, में अन्तराआणविक बलो की प्रकृति के आधार पर वर्गीकरण कीजिए। | 1. जालक बिन्दु से आप क्या समझते हैं।<br>2. एकाक कोष्ठिका को अभिलक्षित करने वाले पैरा मीटरो की सारणी बनाइये | 1. अंत: केन्द्रीत घनीय एकाक कोष्ठिक।(bcc) का उदाहरण लिखिए)<br>2. फलक केन्द्रित घनीय एकाक कोष्ठिक।<br>(fcc) का उदाहरण लिखिए | 1. निविड संकुलित संरचनाएँ के प्रकार लिखिए?<br>2. चतुष्फलकीय एवं अष्ट फलकीय रिक्तियों को चित्र द्वारा समझाइयें। | |
| 4.20 -5.00 | | | | जीव विज्ञान | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | 1. पुष्पीय पौघो में लैंगिक जनन।<br>2.3 दोहरा निषेचन।<br>2.4 निषेचन–पश्च–संरचनाएँ एवं घटनाएँ।<br>2.4.1 भ्रूणपोष | 1. पुष्पीय पौघो में लैंगिक जनन।<br>2..4.3 बीज। | 1. पुष्पीय पौघो में लैंगिक जनन।<br>2.5 असंग जनन एवं बहुभ्रूणता। | 1. पुष्पीय पौघो में लैंगिक जनन।<br>4.1 जनन स्वास्थय समस्याएँ एवं कार्यनीतियाँ। | 1. पुष्पीय पौघो में लैंगिक जनन।<br>4.2 जनसंख्या स्थायीकरण और जन्म नियंत्रण। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. परागण एवं निषेचन अंतर लिखिए।<br>2. त्रिसंलयन क्या हैं ? ये कहाँ और कैसे सम्पन्न होता हैं। | प्र.1 अंतर लिखिए<br>1. प्राकुर चोल तथा मूलांकुर चोल।<br>2. अध्यावरण तथा बीज चोल।<br>प्र.2 आभासी फल किसे कहते हैं। | 1. असंगजनन क्या हैं? समझाइये।<br>2. बहुभ्रूणता को समझाइये। | 1. क्या विद्यालयो में यौन शिक्षा आवश्यक है ? यदि हाँ तो क्यों। | 1. जनसंख्या विस्फोट के कारण लिखिए।<br>2. जनसंख्या नियंत्रण के उपाय लिखिए।<br>3. क्या गर्भ निरोधको का उपयोग उचित हैं। | |

WEEK- 2 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 4.20-5.00 | गणित | | | | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों का गुणन। | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों का गुणन के गुणधर्म। | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूह का गुणन। | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूहों का गुणन। | अध्याय–3 आव्यूह आव्यूह का परिवर्त, आव्यूह के परिवर्त के गुणधर्म, सममित तथा विषम सममित आव्यूह। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | **अभ्यास** | आव्यूहों के गुणन के लिए आवश्यक शर्तो की ध्यान से समझें विशेष तौर पर आव्यूह के अदिश गुणन की अक्रम – विनिमेयता को समझें उदाहरण क्रमांक – 12 से 15 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखें। | आव्यूहों का गुणन के गुणधर्मों को समझें। इसके अपनी अभ्यास पुस्तिका में नोटस बनाएं। उदाहरण क्रमांक – 16 से 19 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | प्रश्नावली 3.2 के प्रश्न क्रमांक – 3 से 12 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | प्रश्नावली 3.2 के प्रश्न क्रमांक – 13 से 22 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | आव्यूह का परिवर्त, आव्यूह के परिवर्त के गुणधर्म, सममित तथा विषम सममित आव्यूह पर नोटस बनाएं। उदाहरण क्रमांक – 20 से 22 तक अपनी अभ्यास पुस्तिका में हल करें। | |

**WEEK- 2 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 1.00 - 1.40 | | | | इतिहास | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | इकाई – 2<br>राजा, किसान और नगर<br>1. प्रिंसेप और पियदस्सी।<br>2. प्रारंभिक राज्य। | इकाई – 2<br>राजा, किसान और नगर<br>1. आरंभिक सम्राज्य।<br>2. भाषाएं और लिपिया<br>3. सम्राट के अधिकारी | इकाई – 2<br>राजा, किसान और नगर<br>आरंभिक राज्य और अर्थव्यस्थाएं<br>1. राजधर्म के नवीन सिद्धांत।<br>2. सेना के लिए हाथी पकड़ना।<br>3. सरदार और सरदारी | इकाई – 2<br>राजा, किसान और नगर<br>आरंभिक राज्य और अर्थव्यस्थाएं<br>1. पाण्डय सरदार सेन गुतुवन की वनयात्रा।<br>2. समुद्रगुप्त की प्रशस्ति।<br>3. गुजरात की सुदर्शन झील। | इकाई – 2<br>राजा, किसान और नगर<br>आरंभिक राज्य और अर्थव्यस्थाएं<br>1. बदलता हुआ देहात।<br>2. सीमाओ का महत्व।<br>3. एक छोटे गांव का जीवन। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. अभिलेखो के अध्ययन को क्या कहा जाता हैं?<br>2. जनपद का अर्थ लिखिए?<br>3. 16 महाजनपदों का उल्लेख किन ग्रंथों में किया गया है ? | 1. मौर्य सम्राज्य के पांच प्रमुख राजनीतिक केंन्द्र कौन–कौन थे लिखिए ?<br>2. अर्थशास्त्र की रचना किसने की थी? | 1. चोल, चेर, और पाण्ड्य सरदारों का उदय कहाँ हुआ था ?<br>2. मौर्य कालीन सैनिक और प्रशासनिक संगठन का वर्णन किन ग्रंथो में मिलता है?<br>3. देवपुत्र की उपाधि किस वंश के शासकों ने धारण की थी ? | 1. प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की थी?<br>2. सुदर्शन झील का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया था? | 1. जातक कथाएं कब और किस भाषा में लिखी गई।<br>2. हर्षवर्घन के राजकवि कौन थे। | |
| 2.20 - 3.00 | | | | भूगोल | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | अध्याय 2– विश्व जनसंख्या – वितरण, वृद्धि और घनत्व<br>1. प्रवास<br>2. प्रवास के प्रकार<br>3. प्रवास को प्रभावित करने वाले कारक<br>4. जनांकिकीय संक्रमण | अध्याय 3– जनसंख्या संगठन<br>जनसंख्या संगठन<br>1. लिंग संगठन<br>2. आयु संरचना<br>3. आयु लिंग पिरामीड | अध्याय 3– जनसंख्या संगठन<br>1. ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या<br>2. साक्षरता<br>3. व्यवसायिक संरचना | अध्याय 4– मानव विकास<br>1. मानव वृद्धि और विकास<br>2. मानव विकास की अवधारणा<br>3. मानव विकास के चार स्तंभ | अध्याय 4– मानव विकास<br>1. मानव विकास के उपागम<br>2. मानव विकास का मापन<br>3. मानव विकास के सूचकांक | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |

WEEK- 2 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| | अभ्यास | 1. प्रवास का अर्थ लिखिए?<br>2. प्रवास के प्रकार लिखिए?<br>3. प्रवास को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करिए?<br>4. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय लिखिए? | 1. भारत में लिंग अनुपात कैसे ज्ञात किया जाता है?<br>2. विश्व के किन देशों में लिंग अनुपात निम्न है?<br>3. आयु संरचना का देश की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है? | 1. जनसंख्या के ग्रामीण एवं नगरीय संगठन का वर्णन करिए?<br>2. साक्षरता देश की आर्थिक विकास का सूचक है, इस कथन को समझाइये?<br>3. कार्यशील अथवा कार्यरत जनसंख्या किन-किन व्यवसायों से जुड़े होते हैं? | 1. मानव विकास का क्या अर्थ है?<br>2. विकासहीन वृद्धि और विकासयुक्त वृद्धि से आप क्या समझते हैं?<br>3. सार्थक जीवन क्या है?<br>4. मानव विकास के चार स्तंभ कौन-कौन से हैं? | 1. जीवन प्रत्याशा क्या है?<br>2. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन में किन मूल-भूत आवश्यकताओं पर जोर दिया गया?<br>3. विश्व के किस में सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (GNH) को देश की प्रगति का प्रतीक माना गया है?<br>4. सर्वोच्च "उच्च मूल्य" सूचकांक वाले 10 देशों की सूची बनाइए? | |
| 1.40 - 2.20 | | | | राजनीति विज्ञान | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | दो ध्रुवीयता का अंत<br>6. साम्यवादी शासन के बाद शाक थेरेपी।<br>7. शाक थेरेपी के परिणाम।<br>8. पूर्व साम्यवादी देश और भारत। | समकालीन दक्षिण एशिया<br>1. परिचय।<br>2. क्या हैं दक्षिण एशिया।<br>3. पकिस्तान में सेना और लोकतंत्र | समकालीन दक्षिण एशिया<br>1. बांग्लादेश और लोकतंत्र।<br>2. नेपाल में राजतंत्र और लोकतंत्र | समकालीन दक्षिण एशिया<br>1. श्रीलंका में जातीय संघर्ष और लोकतंत्र | समकालीन दक्षिण एशिया<br>1. भारत पाकिस्तान संघर्ष | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. शाक थैरेपी से आप क्या समझते हैं लिखिए।<br>2. शाक थैरेपी के कोई दो नुकसान लिखिए।<br>3. भारत व रूस के संबंधो के बारे में लिखिए।<br>4. रूस से हत्यारों का सबसे बड़ा खरीददार कौन सा देश हैं | 1. दक्षिण एशिया में शामिल देशो के नाम लिखिए।<br>2. भूटान का राजतंत्र बहुदलीय लोकतंत्र के रूप में उभरा समझाइयें।<br>3. पकिस्तान सेना प्रारंभ से ही लोकतंत्र पर भारी हैं। | 1. बांग्लादेश के उदय के कारण लिखें।<br>2. बांग्लादेश ने अपने को धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रिक, समाजवादी देश क्यो घोषित किया।<br>3. नेपाल राजतंत्र से लोकतंत्र की ओर नेपाल ने 2015 में नया संविधान बनाया। | 1. तमिल और सिंगली के संघर्ष को नोट बुक में लिखिए।<br>2. तमिल ईलम को समझाओ।<br>3. लिबरेशन टाइगर आप तमिल ईलम को समझाइए। | 1. भारत और पाकिस्तान के बीच कितने युद्ध हुयें।<br>2. भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के परिणाम लिखिए।<br>3. भारत और पाकिस्तान के मध्य आयात और निर्यात की जाने वाली पांच वस्तु के नाम लिखिए। | |

**WEEK- 2 - CLASS 12**

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 4.20 - 5.00 | | अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य संकाय) | | | | | |
| | **टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण** | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I परिचय<br>1.5 व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र | बुक 1.व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - I उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्वांत<br>2.1 उपयोगिता | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - 2 उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्वांत<br>2.1.1 गणना वाचक उपयोगिता विश्लेषण। तालिका एवं चित्र | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - 2 उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्वांत<br>2.1.1.गणना वाचक उपयोगिता विश्लेषण। ह्समान उपयोगिता नियम। | बुक 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय<br>Unit - 2 उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्वांत<br>2.1.2 क्रमवाचक उपयोगिता विश्लेषण। | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | **अभ्यास** | 1. व्यष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ लिखिए।<br>2. समष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए।<br>3. व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।<br>संकेत:- पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. उपयोगिता का अर्थ लिखिए।<br>2. उपयोगिता की विशेषताएँ लिखिए।<br>3. उपयोगिता की गणना कितने प्रकार से की जा सकती हैं। नाम बताइये।<br>संकेत:- पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. कुल उपयोगिता किसे कहते हैं।<br>2. सीमांत उपयोगिता का अर्थ लिखिए।<br>3. कुल उपयोगिता तथा सीमांत उपयोगिता को तालिका एवं चित्र द्वारा समझाइये।<br>संकेत:- पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. ह्समान उपयोगिता नियम क्या हैं स्पष्ट कीजियें।<br>2. ह्समान उपयोगिता नियम की व्याख्या चित्र द्वारा कीजिए।<br>संकेत:- पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | 1. क्रमवाचक उपयोगिता विश्लेषण को समझाइयें।<br>2. अनधिमान वक्र को तलिका तथा चित्र द्वारा समझाइयें।<br>संकेत:- पाठ का अध्ययन ध्यान पूर्वक करने तथा अपने सह पाठियो से विषय पर चर्चा करके उत्तरो को आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। | |

WEEK- 2 - CLASS 12

# # अब पढ़ाई नहीं रुकेगी

| Day | | Monday | Tuseday | Wednesday | Thursday | Friday | Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | | 27-Jul-20 | 28-Jul-20 | 29-Jul-20 | 30-Jul-20 | 31-Jul-20 | 01-Aug-20 |
| 1.00 - 1.40 | | | | लेखाशास्त्र | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | इकाई– 1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन<br>1. आय व्यय खाता एवं प्राप्ति भुगतान खाते में अंतर (पृष्ठ क्र–17, 1.4.2)<br>2. विशिष्ट मदों का लेखा (पृष्ठ क्र–23, 1.6) | इकाई– 1<br>अलाभकारी संस्थाओं के लिए लेखांकन<br>चिट्ठा (तुलन पत्रक) – आशय, चिट्ठा तैयार करने की विधि (पृष्ठ क्र–18,19, 1.5, 1.5.1) | अध्याय 2<br>साझेदारी लेखांकन – आधारभूत अवधारणाएँसाझेदारी से आशय, परिभाषा, प्रकृति (पृष्ठ क्र–71, 2.1) | अध्याय 2<br>साझेदारी लेखांकन – आधारभूत अवधारणाएँसाझेदारी विलेख–आशय, साझेदारी विलेख की विषय–वस्तु (पृष्ठ क्र.–72, 73, 2.2) | अध्याय 2<br>साझेदारी लेखांकन – आधारभूत अवधारणाएँलेखांकन हेतु अनुकूल प्रावधान एवं साझेदारी खातो के विशिष्ट पहलू (पृष्ठ क्र–73, 74, 2.2.1, 2.3) | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. प्राप्ति भुगतान खाता एवं आय व्यय खाते में अंतर बताइये।<br>2. चन्दा का लेखा आय व्यय खाते में किस प्रकार किया जाता है? | 1. अलाभकारी संगठन चिट्ठा किस प्रकार तैयार करते हैं? उसकी प्रक्रिया बताइये।<br>2. चिट्ठे का प्रारूप तैयार कीजिए। | 1. साझेदारी की परिभाषा दीजिए।<br>2. साझेदारी की प्रकृति को स्पष्ट कीजिए। | 1. साझेदारी विलेख से क्या आशय है?<br>2. साझेदारी विलेख में उल्लेखित की जाने वाली बाते स्पष्ट कीजिए। | 1. साझेदारी विलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम बताइये।<br>2. साझेदारी विलेख के अभाव में पूँजी पर ब्याज क्या दिया जाता है? | |
| 1.40 - 2.20 | | | | व्यवसाय अध्ययन | | | |
| | टॉपिक क्र. सब टॉपिक क्र. एवं विवरण | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व प्रबन्ध के कार्य (पृष्ठ 19) | इकाई–1<br>प्रबन्ध की प्रकृति एवं महत्व<br>समन्वय–प्रबन्ध का सार, प्रकृति, महत्व | अध्याय– 2<br>प्रबन्ध के सिद्धांत<br>प्रबन्ध के सिद्धांत– आशय, प्रकृति (पृष्ठ क्र–31, 32, 33, 34) | अध्याय– 2<br>प्रबन्ध के सिद्धांत<br>प्रबन्ध के सिद्धांतों का महत्व (पृष्ठ क्र–36, 37, 38) | अध्याय– 2<br>प्रबन्ध के सिद्धांत<br>टेलर का वैज्ञानिक प्रबन्ध, वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्धांत (पृष्ठ क्र–40, 43, 44, 45) | सप्ताह में पढ़े गए अध्याय का रिवीजन/ दोहराव |
| | अभ्यास | 1. प्रबन्ध का प्रथम प्रमुख कार्य क्या है?<br>2. प्रबन्ध के कार्य बताइये। | 1. समन्वय की प्रकृति बताइये।<br>2. समन्वय का महत्व बताइये। | 1. प्रबन्ध के सिद्धांत से क्या आशय है?<br>2. प्रबन्ध के सिद्धांत की प्रकृति बताइये। | 1. प्रबन्ध के सिद्धांतों का महत्व बताइये। | 1. वैज्ञानिक प्रबन्ध का जनक किसे कहते हैं?<br>2. वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। | |

# दूरदर्शन म.प्र. पर देखें कार्यक्रम ''क्लास रूम''

| DIGIANA | TATA sky | hathway | NXT DIGITAL |
|---|---|---|---|
| Ch. No. - 181 | Ch. No. - 1197 | Ch. No. - 482 | Ch. No. - 318 |
| DigiCable | dishtv | Videocon d2h | DD Free Dish |
| Ch. No. - 665 | Ch. No. - 795 | Ch. No. - 898 | Ch. No. - 46 |
| Reliance Digital TV | Sun TV | airtel digital TV | |
| Ch. No. - 390 | Ch. No. - 648 | Ch. No. - 405 | |

## लोक शिक्षण संचालनालय

भोपाल, मध्यप्रदेश